गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. न.दि./गेल/सचि./2016 26 अप्रैल, 2016

सूचीकरण विभाग
बीएसई लिमिटेड
पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,
दलाल स्ट्रीट,
मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया **"गेल ने आन्ध्र प्रदेश में कौशल विकास हेतु 10 करोड़ रुपए का अंशदान दिया "** विषय पर प्रेस विज्ञप्ति की संलग्न प्रति प्राप्त करें।

यह आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु प्रेषित है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.
(एन. के. नागपाल)
महाप्रबंधक (वि. एवं ले. एवं सीएसटी)
ई-मेल: nknagpal@gail.co.in
संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

प्रतिलिपि :

1. सूचीकरण विभाग
   नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल
   प्लाट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
   बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
   मुंबई-400051
2. ड्यूश-बैंक एजी, फिलीअले मुंबई
   टीएसएस एवं ग्लोबल इक्विटी सेवाएं,
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल, सी-70, जी ब्लॉक,
   बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई-400051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने आन्ध्र प्रदेश में कौशल विकास हेतु 10 करोड़ रुपए का अंशदान दिया

नई दिल्ली, 25 अप्रैल 2016 : श्री बी. सी. त्रिपाठी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल (इंडिया) लिमिटेड ने आन्ध्र प्रदेश के युवाओं हेतु कौशल विकास एवं आजीविका सृजन हेतु श्री चंद्र बाबू नायडु, मुख्य मंत्री, आन्ध्र प्रदेश को 10 करोड़ रुपए का चैंक सौंपा । नई दिल्ली के आन्ध्र भवन में दिनांक 24 अप्रैल, 2016 को गेल सीएसआर प्रयासों के भाग के रूप में एपीएसएसडीसी में अंशदान दिया गया । श्री एम. रविन्द्रन, निदेशक (मानव संसाधन), गेल, सुश्री वंदना चानना, कार्यकारी निदेशक (सीएसएआर), गेल तथा आन्ध्र प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण इस अवसर पर उपस्थित थे । इस परियोजना का उद्देश्य है युवा वर्ग को वेल्डिंग, इलैक्ट्रिकल ट्रेड, पाइपिंग फिटर, मेन्टेनेंस मैकेनिक एवं असेम्बली मैकेनिक प्रमाणपत्र कार्यक्रमों में हाइड्रोकार्बन एवं तेल तथा गैस क्षेत्र के चिन्हित ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण हेतु 2000 अभ्यर्थियों के लिए व्यावसायिक एवं वैश्विक रूप से प्रासंगिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी नियोजनशीलता में वृद्धि करना है ।

केवल आन्ध्र प्रदेश में ही गेल ने पिछले वर्ष में कई कार्यक्रम जैसे कि पूर्वी गोदावरी क्षेत्र में चार स्थानों में कंक्रीट की सड़कों का निर्माण कराया है । इसके अलावा बोर वेल पंपिंग मेन जेनरेटर, एलईडी लाइटें, विद्यालय में कमरों का निर्माण और चार दिवारी का निर्माण कराया है । गेल कौशल योजना के अंतर्गत 317 हितलाभार्थियों को गेल इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल्स में पंजीकृत किया गया । गेल मोबाइल चिकित्सा वेन का प्रचालन कर 25 गांवों के 25,000 से अधिक रोगियों को निशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहा है । इसके साथ ही, स्वास्थ्य कैंप एवं निशुल्क नेत्र जांच कैंप भी आयोजित किए गए । गेल ने पूर्वी एवं पश्चिमी गोदावरी जिले में 89 आरओ संयंत्र भी स्थापित किए हैं । गेल ने स्वच्छ भारत विद्यालय अभियान के अंतर्गत पूर्वी एवं पश्चिमी गोदावरी जिले में 1627 लाभार्थियों के लिए 1076 सौर एलईडी स्ट्रीट लाइटें भी स्थापित करवाई हैं । गेल ने केजी अस्पताल के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए का भी अंशदान दिया है । गेल उज्ज्वल के अंतर्गत अल्पविकसित एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों हेतु प्रतिवर्ष छात्रवृत्तियां प्रदान की जा रही हैं । इसके अलावा अक्षमता वाले विद्यार्थियों को सहायक उपकरण भी प्रदान किए जा रहे हैं । गेल ने काकिनाडा स्थित सामान्य अस्पताल में यांत्रिक लॉन्ड्री स्थापित की है और वह जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी परियोजनाओं के विकास पर कार्य कर रहा है । गैर बुने हुए कपड़े के थैले और स्क्रीन प्रिंटिंग पर ग्रामीण महिलाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम पर भी पूर्वी गोदावरी जिले के ममिडीकुडुरु मंडल में हाथ में लिया गया है ताकि सभी बेहद गरीब महिलाओं को कुशल बनाया जा सके ।

गेल अपने निवल लाभ के दो प्रतिशत लाभ राशि के बराबर राशि को स्वास्थ्य, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, पेयजल, स्वच्छता एवं पर्यावरण केन्द्रित प्रयासों जैसे पहचाने गए क्षेत्रों को देशभर में अपने कार्य केन्द्रों के निकटवर्ती क्षेत्रों में अंशदान देता है ।